आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 02.11.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा– हमारी शिक्षित बेटियां अपनी आंतरिक शक्ति और प्रतिभा से भारत–माता का गौरव बढ़ाएंगी।
- राष्ट्रपति कल राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती पर देहरादून में विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करेंगी।
- प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक अध्यापकों के रिक्त 2100 पदों के सापेक्ष भर्ती प्रक्रिया होगी शुरू।
- और... आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला जारी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि हमारी शिक्षित बेटियां अपनी आंतरिक शक्ति और प्रतिभा से भारत–माता का गौरव बढ़ाएंगी। राष्ट्रपति हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों में 64 प्रतिशत संख्या बेटियों की हैं, जो पदक प्राप्त करने वाले छात्रों की तुलना में चौगुनी है। श्रीमति मुर्मु ने कहा कि यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे कुल विद्यार्थियों में बेटियों की संख्या 62 प्रतिशत है। यह केवल संख्या नहीं है, महिलाओं के नेतृत्व में आगे बढ़ने वाले विकसित भारत का अग्रिम स्वरूप है।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। राष्ट्रपति कल राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती पर आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करेंगी। इसके बाद नैनीताल में राजभवन की स्थापना के 125 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में शिरकत करेंगी।

आदि कैलाश

राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आदि कैलाश में उत्तराखंड की पहली हाई एल्टीट्यूड अल्ट्रा रन मैराथन का आयोजन किया गया। यह आयोजन उत्तराखंड की ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ है, जो कि 60 किलोमीटर लंबी अल्ट्रा रन मैराथन आदि कैलाश से प्रारंभ हुई, जिसमें देश के 22 राज्यों से 700 से अधिक धावकों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बयान जारी कर कहा कि सीमांत क्षेत्रों का विकास हमारी प्राथमिकता है। अल्ट्रा मैराथन जैसे आयोजन न केवल स्थानीय

अर्थव्यवस्था को गति देते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी में साहसिक खेलों के प्रति उत्साह भी पैदा करते हैं। आने वाले समय में उत्तराखंड साहसिक खेलों और पर्वतीय पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनेगा।

रजत जयंती

उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पौड़ी में पर्यटन विभाग की ओर से साइकिलिंग रैली आयोजित की गई। सभी प्रतिभागियों ने ऊर्जा, अनुशासन और साहस का परिचय देते हुए स्वच्छ पर्वतीय प्रदेश, स्वस्थ उत्तराखंड का संदेश दिया। उधर रजत जयंती वर्ष के अवसर पर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से नैनीताल ने नैना देवी हिमालयन बर्ड कंजर्वेशन रिजर्व पंगोट में बर्ड वॉचिंग का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण में स्थानीय युवाओं को बर्ड वॉचिंग प्रशिक्षक के रूप में तैयार किया जा रहा है। चंपावत जिले में रजत जयंती पर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री

राज्य में प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक अध्यापकों के रिक्त 2100 पदों के सापेक्ष भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिसके तहत जनपदवार रिक्तियों के सापेक्ष आवेदन पत्र आमंत्रित की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। श्री रावत ने बयान जारी कर बताया कि वर्तमान में प्रदेश में प्राथमिक शिक्षकों के करीब 2100 पद रिक्त हैं, जिनमें से लगभग 451 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्व से ही उच्च न्यायालय में निर्णयाधीन है। इन पदों को छोड़कर शेष 1649 रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए निदेशक प्राथमिक शिक्षा को निर्देश दे दिए गए हैं।

स्वच्छता अभियान

सरयू नदी तट की स्वच्छता और जनजागरूकता को लेकर बागेश्वर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर किशन सिंह मलड़ा और संजय साह जगाती ने किया। अभियान में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सरयू घाट क्षेत्र में फैली गंदगी व प्लास्टिक कचरा एकत्र कर साफ–सफाई की। ब्रांड एंबेसडरों ने लोगों से नदी व प्राकृतिक धरोहरों को स्वच्छ रखने की अपील की। अभियान में नगरपालिका कर्मियों, रेडक्रॉस स्वयंसेवकों और स्थानीय युवाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

दयारा बुग्याल

उत्तरकाशी के रैथल गांव की 24 वर्षीय पूर्णिमा ने 11 हजार फीट की ऊँचाई पर बसे दयारा बुग्याल में साइकिलिंग कर साहसिक पर्यटन का संदेश दिया है। पूर्णिमा ने दयारा के नोरी का डेरू, कुंती का सेरू से लेकर बकरिया टॉप तक करीब दस किलोमीटर एरिया में साइकिलिंग की। पूर्णिमा ने हाल ही में पर्यटन गांव नटीण से पैराग्लाइडिंग कर क्षेत्र के बेटियों को हर क्षेत्र में मुकाम हासिल करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि परिवार साथ दे तो लड़कियां कोई भी मुकाम हासिल कर सकती हैं।

किसान जागरूकता

हरिद्वार के बहादराबाद में किसानों के हित में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को गन्ना उत्पादन की उन्नत तकनीकों, मिट्टी की उर्वरता एवं पोषक तत्व प्रबंधन के विषय में जागरूक करना था। कार्यक्रम में लक्सर शुगर मिल के महाप्रबंधक बीएस तोमर ने किसानों को जानकारी दी कि 5 नवम्बर से गन्ने की खरीद के लिए पर्ची वितरण प्रारंभ होगा और 7 नवम्बर से मिल पुनः संचालन में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गन्ने की उत्तम किस्मों के साथ–साथ किसानों को मिट्टी में पोषक तत्वों का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

क्रिकेट विश्‍व कप

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्‍व कप के फाइनल में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला जारी है। मैच नवी मुंबई के डी वाई पाटिल स्टेडियम में खेला जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। दोनों टीमें अभी तक विश्व कप खिताब नहीं जीत सकी हैं। भारतीय टीम तीसरी बार विश्व कप का फाइनल खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका का यह पहला विश्‍व कप फाइनल है।